# ई-श्रम- वन स्टॉप सॉल्यूशन'

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा शुरू किये गए ई-श्रम-वन स्टॉप सॉल्यूशन पोर्टल के तहत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों से संबंधित 12 कल्याणकारी योजनाओं को एकीकृत किया गया है।

- वर्ष 2021 में लॉन्च किया गया ई-श्रम पोर्टल भारत में **असंगठित श्रमिकों (NDUW) का राष्ट्रीय डेटाबेस** बनाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
    - इसका उद्देश्य निर्माण कार्य में संलग्न मज़दूरों, प्रवासी कार्यबल, रेहड़ी-पटरी वालों और घरेलू कामगारों जैसे **असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण करना है।**
- पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों को एक विशिष्ट 12 अंकों की संख्या वाला **ई-श्रम कार्ड मिलता है, जिसमें मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता के लिये 2 लाख रुपए** और आंशिक दिव्यांगता के लिये **1 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा प्रदान किया जाता है।**

## ई-श्रम पंजीकृत श्रमिकों के लिये कल्याणकारी योजनाएँ:

- प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना (PM-SYM)
- व्यापारियों और स्व-नियोजित व्यक्तियों के लिये राष्ट्रीय पेंशन योजना (NPS)
- प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना (PMJJBY)
- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY)
- अटल पेंशन योजना
- सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS)
- प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (PMAY-G)
- राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (NSAP) - वृद्धावस्था संरक्षण
- आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY)
- प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना
- राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम (NSKFDC)
- मैनुअल स्कैवेंजरों के पुनर्वास के लिये स्वरोज़गार योजना
- बुनकरों के लिये स्वास्थ्य बीमा योजना (HIS)




और पढ़ें: अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में ई-श्रम पोर्टल का प्रदर्शन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/eshram-one-stop-solution